# पीथमपुर में 850 करोड़ के निवेश से शुरू हुईं दो आधुनिक औद्योगिक इकाईयां




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 850 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित दो अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पीथमपुर में शुरू हुईं ये इकाइयां औद्योगिक विकास, आधुनिक तकनीक और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।


उन्होंने बताया कि प्रताप ग्रुप की कॉर्सिस इंडस्ट्रीज और वोल्टर्स टेक्नोलॉजी की इन इकाइयों से क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। ऑप्टिकल फाइबर और लिथियम बैटरी जैसी आधुनिक तकनीक से जुड़ी ये इकाइयां प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को मजबूत करेंगी।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीथमपुर में शुरू हुई दोनों इकाइयां आत्मनिर्भर भारत और बदलते औद्योगिक परिदृश्य का प्रतीक हैं। बैटरी स्टोरेज प्लांट हरित ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा, जबकि ऑप्टिकल फाइबर इकाई डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी।

# राज्य वित्त आयोग की वेबसाइट का लोकार्पण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य वित्त आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का गुरुवार को वल्लभ भवन में लोकार्पण किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति में आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने वेबसाइट का शुभारंभ किया।

श्री देवड़ा ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायतें जनभागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इनके



सुझावों को आयोग की कार्यप्रणाली में शामिल करने से प्रदेश को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नई वेबसाइट के माध्यम से आम नागरिक आयोग की गतिविधियों से जुड़ सकेंगे और अपने सुझाव ऑनलाइन दे सकेंगे।

आयोग अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कहा कि आयोग पंचायतों और नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा कर उनके संसाधनों को मजबूत करने के लिए सुझाव देगा।

### अस्थायी बिजली कनेक्शन

भोपाल। गणेशोत्सव और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान पंडालों में बिजली सजावट के लिए अस्थायी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली वितरण कंपनियों ने त्योहारों को देखते हुए अस्थायी कनेक्शन देने की व्यवस्था की है।

# ई-कक्षा मध्यप्रदेश की शुरुआत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 'ई-कक्षा मध्यप्रदेश' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

राज्य शिक्षा केन्द्र के सभागार में संचालक हरजिंदर सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की और परिचयात्मक पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल वीडियो शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। संचालक हरजिंदर सिंह ने कहा कि वर्तमान



समय में तकनीक आधारित शिक्षा की आवश्यकता बढ़ गई है। ई-कक्षा मध्यप्रदेश विद्यार्थियों को अपनी सुविधा और गति के अनुसार सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर संचालक डॉ. अरुण सिंह ने बताया कि डिजिटल शिक्षण सामग्री विद्यार्थियों और शिक्षकों को निःशुल्क उपलब्ध होगी। इसे ई-कक्षा मध्यप्रदेश के यूट्यूब चैनल और मिशन ज्ञान ऐप के माध्यम से कभी भी देखा जा सकेगा। मिशन ज्ञान के निदेशक जितेंद्र सोनी ने बताया कि ये वीडियो राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

## सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सती गेट से गोपाल मंदिर तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन कर अधिकारियों से निर्माण की प्रगति और कार्य योजना की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री चिंता हरण गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने कंठाल चौराहा और प्राचीन श्री सती माता मंदिर द्वार के प्रस्तावित विकास कार्यों की डिजाइन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने सती गेट से छोटा सराफा चौराहा तक पैदल भ्रमण कर चौड़ीकरण कार्य की स्थिति देखी। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने मुख्यमंत्री को विकास योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज, महापौर मुकेश टटवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए कंठाल चौराहे से छत्री चौक तक 410 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

### दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की निगरानी के लिए राज्य संचालन समिति गठित

**नप्र, भोपाल :** प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भरता मिशन की गतिविधियों की निगरानी के लिए राज्य सरकार ने राज्य संचालन समिति का गठन किया है। समिति का गठन कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया है। यह समिति राज्य में मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति में सहकारिता, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, वित्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के अधिकारी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों, नाबार्ड, बैंकर्स समिति, दलहन एफपीओ, सहकारी संस्थाओं और उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है। संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

### प्रज्ञा बघेल को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश की बेटी और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता प्रज्ञा बघेल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव पद पर पुनः निर्वाचित हुई हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।डॉ. यादव ने कहा कि प्रज्ञा बघेल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव पद पर दोबारा निर्वाचित होकर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

# वंचित समुदायों के विकास के लिए बनेगा जॉइंट एक्शन प्लानः कृष्णा गौर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदायों के विकास के लिए शासन और सामाजिक संस्थाओं की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को जोड़कर जॉइंट एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में कही।उन्होंने ने कहा कि शासकीय योजनाओं की जानकारी और सामाजिक संस्थाओं के जमीनी अनुभवों को शामिल कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर सुधारने के लिए



प्रभावी योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन और समाज के समन्वय से वंचित वर्गों के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में नए प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यशाला में पद्मश्री भीकू रामजी ईदाते, सामाजिक चिंतक गोरेलाल, भारत सरकार के संबंधित अधिकारी, विकास बोर्ड के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और प्रदेशभर से आए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। ईदाते ने कहा कि इन समुदायों के विकास के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने और शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता है।

### कॉलेज प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को मिलेगा मौका, 31 अगस्त तक अतिरिक्त काउंसलिंग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कॉलेज प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया है। स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) चरण की अवधि बढ़ाकर 21 से 31 अगस्त तक कर दी गई है।

इस चरण में विद्यार्थियों को उपलब्ध रिक्त सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि पात्र विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। विभाग ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय-सारणी भी जारी की है। इसके तहत विद्यार्थियों को 20 से 24 अगस्त तक पंजीयन और आवेदन करना होगा। दस्तावेज सत्यापन 20 से 25 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची 27 अगस्त को जारी की जाएगी और 29 अगस्त को सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटित विद्यार्थियों को 29 अगस्त से 2 सितंबर तक दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर रहेगी। विभाग ने विद्यार्थियों से समय-सीमा में प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।



















मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com